711

HD - 02

December - Examination 2015

B.A. Ist Year Examination

हिंदी गद्य भाग - II (कथा – साहित्य)

Paper - HD - 02

Time : 3 Hours] **[Max. Marks :- 100**

(खण्ड – अ) 10 x 2 = 20

नोट : सभी प्रश्नों के उत्तर अनिवार्य हैं। आप अपने उत्तर को एक शब्द, एक वाक्य या अधिकतम 30 शब्दों में दीजिए। प्रत्येक प्रश्न 2 अंकों का है।

1) **निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए।**

(i) 'ग्यारह वर्ष का समय' कहानी के रचयिता कौन हैं?

(ii) ''उसने कहा था'' कहानी सरस्वती पत्रिका में किस वर्ष प्रकाशित हुई?

(iii) जयशंकर प्रसाद रचित दो कहानी – संग्रहों के नाम लिखिए।

(iv) महाभोज उपन्यास का प्रकाशन वर्ष कौन–सा है?

(v) प्रेमचंद रचित किन्हीं दो उपन्यासों के नाम लिखिए।

(vi) 'नीलकांत का सफर' कहानी का प्रयोजन क्या है?

(vii) आशा अमरधन का भावार्थ क्या है?

(viii) मन्नू भंडारी रचित किन्हीं दो उपन्यासों के नाम लिखिए।

(ix) 'तोताराम' प्रेमचंद के किस उपन्यास का पात्र है?

(x) 'भौंको – भौंको सबके सब भौंको।' परमात्मा का कुत्ता कहानी में अधेड़ व्यक्ति ने यह कथन किससे कहा?

(खण्ड – ब) $4 \times 10 = 40$

नोट : निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर दीजिए। शब्द सीमा लगभग 200 शब्द है। प्रत्येक प्रश्न 10 अंकों का है।

2) जैनेन्द्र की कहानी कला की विशेषताएँ लिखिए।

3) कहानी और उपन्यास में व्याप्त अंतर को स्पष्ट कीजिए।

4) 'पुरस्कार' कहानी की मूल संवेदना को स्पष्ट कीजिए।

5) 'पत्नी' कहानी की मूल संवेदना को स्पष्ट कीजिए।

6) 'चीफ की दावत' ''भारतीय मध्यवर्गीय समाज की मानसिकता और महत्वाकांक्षा को व्यक्त करनेवाली कहानी है।'' इस कथन को स्पष्ट कीजिए।

7) प्रस्तुत गद्यांश की सप्रसंग व्याख्या कीजिए।

''सरकार को अभी और वक्त चाहिए। दस – पाँच साल में सरकार फैसला करेगी कि अर्जी मंजूर होनी चाहिए या नहीं, सरकार वक्त ले रही है। काल, यमराज भी तो हमारा वक्त गिन रहा है। उधर वह हमारा वक्त पूरा करेगा और इधर तुम कहना कि तुम्हारी अर्जी पास की गई।''

8) 'निर्मला' उपन्यास के आधार पर निर्मला की चारित्रिक विशेषताओं को लिखिए।

9) 'उसने कहा था' कहानी के उद्देश्य को स्पष्ट कीजिए।

(खण्ड – स) 2 x 20 = 40

नोट : निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो के उत्तर दीजिए। शब्द सीमा लगभग 500 शब्द है। प्रत्येक प्रश्न 20 अंकों का है।

10) ''महाभोज'' उपन्यास में राजनीति और सरकारी तंत्र के मेल से उत्पन्न मूल्यहीनता अभिव्यक्त हुई है।'' इस कथन पर अपने विचार लिखिए।

11) 'वापसी' कहानी का कहानी के तत्वों के आधार पर विश्लेषण कीजिए।

12) 'निर्मला' उपन्यास के उद्देश्य को स्पष्ट करते हुए उसके कथ्य का वर्णन कीजिए।

13) हिंदी कहानी के स्वरूप और विकास पर एक लेख लिखिए।